MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, GWALIOR
(A Govt. Aided UGC Autonomous & NAAC Accredited Institute Affiliated to RGPV, Bhopal, M.P.)
Gola ka Mandir, Gwalior (M.P.)- 474 005, INDIA
Ph.: +91-751-2409300, e-mail: director@mitsgwalior.in, website: www.mitsgwalior.in

WORK IS WORSHIP
Estd. 1957

क्रमाँक :छात्र शाखा / 2023 / ......43　　　　　　　　　　　　दिनाँक :04.07.2023

आवश्यक सूचना

विषय:- अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों हेतु सत्र 2022-23, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में ।

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि, संस्था में नियमित रूप से अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राएं (प्रवेशित वर्ष सत्र 2021-22) जो पूर्व में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अपने छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र MPTAASC पोर्टल पर कर चुके हैं, उन छात्र/छात्राओं हेतु सत्र 2022-23 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने, आवेदन के अनुमोदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया विभागीय पोर्टल MPTAASC पर आरंभ होने को है । अतः अन्य पिछड़ा वर्ग के नवीनीकरण छात्रों को सूचित किया जाता है कि, जिन छात्रों ने संस्था में गत वर्ष का परीक्षा परिणाम अंकसूची एवं स्वयं से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं किए हैं, वे अति शीघ्र अपने दस्तावेज (छात्र शाखा में)जमा करना सुनिश्चित करें जिससे छात्रों के परीक्षा परिणाम (Result updated) से संबंधित कार्यवाही की जा सके ।

सत्र 2022-23 नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राएं जिन्होंने अपने छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र MPTAASC पोर्टल पर ऑनलाइन भर दिए है, वे छात्र- छात्राएं भी अपने छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे संस्था स्तर की कारवाई पूर्ण की जा सके ।

अतः समस्त पात्रता रखने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे अपना स्वयं का बैंक खाता, आधार से लिंक कराएं एवं NPCI Status Active करावे जिससे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, स्वीकृति से सम्बन्धित कार्यवाही के दौरान छात्रों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े ।

सूचनार्थ ।

4/7/2023
(प्रो / डा. प्रतेश जायसवाल)
रजिस्ट्रार

प्रतिलिपि:-

1 उप सहायक संचालक, अन्य पिछड़ा वर्ग कार्यालय शारदा विहार ग्वालियर, ।
2 समस्त विभागाध्यक्ष की ओर सूचनार्थ एवं छात्रों को सूचना प्रसारित करने हेतु ।
3 समस्त हॉस्टल वार्डन की ओर सूचनार्थ एवं छात्रों को सूचना प्रसारित करने हेतु ।
4 निदेशक कार्यालय।
5 रजिस्टर ।
6 समस्त नोटिस बोर्ड ।
7 संस्था की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
8 संबंधित फाइल।